
$\Rightarrow \quad x = 250 \times 3$

$\Rightarrow \quad x = 750$ शीटे

उ.12 $(m^2 - 14m - 32) \div (m + 2)$

$= \frac{m^2-14m-32}{(m+2)}$

$= \frac{m^2-16m+2m-32}{(m+2)}$

$= \frac{m(m-16)+2(m-16)}{(m+2)}$

$= \frac{(m-16)\cancel{(m+2)}}{\cancel{(m+2)}}$

$= (m - 16)$

Ans $(m - 16)$

## अथवा

उ.12 $3m^2 + 9m + 6$

$= 3\underline{m^2 + 6m} + 3\underline{m + 6}$

$= 3m\ (m + 2) + 3\ (m + 2)$

$= (m + 2) \quad (3m + 3)$

$= (m + 2) \times 3 \times (m + 1)$

$= 3.\ (m + 1)\ .\ (m + 2)$

-------------------------

mpcareer.in

कुल प्रश्नों की संख्या : 05 | कुल पृष्ठों की संख्या : 08

Total No. of Questions: 05 | Total No. of Pages: 08

# पूर्व माध्यमिक (कक्षा–8वीं) शिक्षा प्रमाण पत्र स्वाध्यायी परीक्षा, दिसम्बर–2021

# 112

## विषय : विज्ञान

## Subject: SCIENCE
## (Hindi & English Version)

समय : 03 घण्टे | पूर्णांक : 100

Time : 03 Hours | Maximum Marks: 100

*निर्देश :–*

*(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।*

*(2) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।*

***Instructions :-***

***(1) All questions are compulsory.***

***(2) Marks are given against all the questions.***

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(10×1=10)**

(i) बल का S.I. मात्रक है –

(अ) न्यूटन (ब) पास्कल

(स) ओम (द) एम्पीयर

(ii) यीस्ट का उपयोग निम्न में से किसके उत्पादन में होता है?

(अ) चीनी (ब) ऐल्कोहॉल

(स) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (द) ऑक्सीजन

(iii) निम्न में से कौन–सा प्रतिजैविक है?

(अ) सोडियम बाईकार्बोनेट (ब) स्ट्रेप्टोमाइसिन

(स) ऐल्कोहॉल (द) यीस्ट



mpcareer.in

(iv) सौर परिवार का सबसे बड़ा ग्रह है –

(अ) वृहस्पति (ब) शनि

(स) यूरेनस (द) नेप्टयून

(v) थर्मोसेटिंग प्लास्टिक है –

(अ) मेलामाइन (ब) पॉलीथीन

(स) पीवीसी (द) नायलॉन

(vi) कमरे के तापमान पर द्रव अवस्था में पाई जाने वाली धातु है –

(अ) कैल्शियम (ब) मैग्नीशियम

(स) मरकरी (द) उपरोक्त सभी

(vii) कोयले के अपूर्ण दहन के फलस्वरूप उत्पन्न विषैली गैस है –

(अ) कार्बन डाइऑक्साइड (ब) सल्फर डाइऑक्साइड

(स) कार्बन मोनोऑक्साइड (द) नाइट्रोजन ऑक्साइड

(viii) जैव विविधता में कमी के कारण है –

(अ) वनोन्मूलन (ब) प्रदूषण

(स) शिकार (द) उपरोक्त सभी

(ix) एक टैडपोल जिस प्रक्रम के द्वारा व्यस्क मे विकसित होता है, वह है –

(अ) निषेचन (ब) कायांतरण

(स) रोपण (द) मुकुलन

(x) बीजो/दानों को भूसे से अलग करने की प्रक्रिया कहलाती है –

(अ) थ्रेशिंग (ब) निराई

(स) हार्वेस्टिंग (द) बुआई

mpcareer.in

Choose the correct option of the following -

(i) S.I. unit of force is -

(A) Newton (B) Pascal

(C) Ohm (D) Ampere

(ii) Yeast is used for production in which of the following?

(A) Sugar (B) Alcohol

(C) Hydrochloric Acid (D) Oxygen

(iii) Which of the following is antibiotic?

(A) Sodium bicarbonate (B) Streptomycin

(C) Alcohol (D) Yeast

(iv) Biggest planet of Solar System is -

(A) Jupiter (B) Saturn

(C) Uranus (D) Neptune

(v) Which is a thermosetting plastic?

(A) Melamine (B) Polythene

(C) PVC (D) Nylon

(vi) Which metal is found in liquid state at room temperature?

(A) Calcium (B) Magnesium

(C) Mercury (D) All of the above

(vii) A poisonous gas which is produced by the incomplete combustion of coal?

(A) Carbon dioxide (B) Sulphur dioxide

(C) Carbon monoxide (D) Nitrogen oxide

mpcareer.in

(viii) Loss of Biodiversity occurs because of –

(A) Deforestation (B) Pollution

(C) Hunting (D) All of the above

(ix) A tadpole develops into an adult frog by the process of –

(A) Fertilization (B) Metamorphosis

(C) Embedding (D) Budding

(x) The process of separating the chaff from seed is known as –

(A) Threshing (B) Weeding

(C) Harvesting (D) Sowing

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (3×1=3)

(i) वे फसलें जो शीत ऋतु में उगाई जाती है ..........................................फसलें कहलाती है।

(ii) एडवर्ड जेनर ने.......................................................................के टीके का अविष्कार किया था।

(iii) विपरीत आवेशों में..........................................................................................की प्रवृत्ति होती।

Fill in the blanks -

(i) Crops which are grown in winter season are called as................. crops.

(ii) Edward Jenner invented Vaccine for..........................................

(iii) Opposite charges have the tendency of...................................

mpcareer.in

प्र.3 **अतिलघुत्तरीय प्रश्न** – (8×3=24)

(i) कूली भारी बोझ को उठाते समय अपने सिर पर कपड़े को लपेटकर क्यों रखता है?

(ii) बल किसे कहते हैं? इसके प्रकारों के नाम लिखिए।

(iii) तारामंडल क्या है? किन्हीं दो तारा मंडलों के नाम लिखिए।

(iv) जीवाश्म ईंधन किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

(v) CNG क्या है? इसके लाभ बताइए।

(vi) रेड डाटा पुस्तक क्या है?

(vii) लैंगिक एवं अलैंगिक जनन में अंतर लिखिए।

(viii) खाद एवं उर्वरक में क्या अंतर है?

**Write brief answers of the following questions -**

(i) Why does the porter keep a cloth wrapped over his head while lifting heavy load?

(ii) Define force. Name the types of force.

(iii) What is constellation? Write the name of any two constellation.

(iv) Explain fossil fuel. Explain with example.

(v) What is CNG? Write its benefits.

(vi) What is Red data book?

(vii) Write difference between sexual and asexual reproduction.

(viii) What is the difference between manure and fertilizer?

mpcareer.in

प्र.4 **लघुत्तरीय प्रश्न –** (7×5=35)

(i) घर्षण क्या है? इसके लाभ एवं हानि लिखिए।

(ii) विद्युत लेपन को परिभाषित करते हुए चित्र के माध्यम से समझाइए।

(iii) थर्मोप्लास्टिक एवं थर्मोसेटिंग प्लास्टिक को उदाहरण सहित समझाइए।

(iv) मोमबत्ती की ज्वाला का चिन्हित चित्र बनाइए।

(v) जंतु एवं पादप कोशिका में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(vi) मनुष्य में लिंग निर्धारण की प्रक्रिया को समझाइए।

(vii) भूकंप किसे कहते हैं? इसके सुरक्षा एवं बचाव के क्या उपाय हैं?

**Short Answer Type Questions -**

(i) What is Friction? Write its advantages and disadvantages?

(ii) Define Electroplating and explain the process with a diagram.

(iii) Explain thermosetting plastics and thermoplastic with example.

(iv) Draw the diagram of different zones of candle flame.

(v) Explain the difference between plant cell and animal cell.

(vi) Describe the process of sex determination in Humans.

(vii) What is an Earthquake? Write measures of safety and protection from Earthquake.

mpcareer.in

प्र.5 **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions** – (7×4=28)

(i) ध्वनि प्रदूषण क्या है? इसके हानिकारक प्रभाव एवं इसे सीमित रखने के उपाय लिखिए।

What is sound pollution? Write its harmful effects and measures to control it.

**अथवा / OR**

मानव में ध्वनि किस प्रकार उत्पन्न होती है? समझाइए।

How sound produced in Human? Explain.

(ii) कैलाइडोस्कोप की रचना का वर्णन कीजिए।

Describe the structure of Kaleidoscope.

**अथवा / OR**

मानव नेत्र का स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइए।

Draw a neat labeled diagram of the Human Eye.

(iii) धातुएँ क्या हैं? इसके भौतिक एवं रासायनिक गुणों को समझाइए।

What are metals? Explain its physical & chemical properties.

**अथवा / OR**

धातुओं और अधातुओं में अंतर स्पष्ट कीजिए।

Explain the difference between metals and non-metals.

mpcareer.in

(iv) वायु प्रदूषण क्या है? इसके कारण, कुप्रभाव एवं नियंत्रण के उपाय लिखिए।

What is air pollution? Write its causes, harmful effects to human and control measures.

**अथवा / OR**

निम्न पर टिप्पणी कीजिए –

(i) अम्लीय वर्षा

(ii) विश्व उष्णन

Write a short note on –

(i) Acid Rain

(ii) Global Warming

------------------------

mpcareer.in

कुल पृष्ठों की संख्या : 09

# पूर्व माध्यमिक (कक्षा–8 वीं) शिक्षा प्रमाण पत्र स्वाध्यायी परीक्षा, दिसम्बर–2021

# 112

## विषय : विज्ञान

## Subject: SCIENCE

## आदर्श उत्तर

---

उ.1 सही विकल्प चुनिए –

(i) (अ) न्यूटन

(ii) (ब) ऐल्कोहॉल

(iii) (ब) स्ट्रेप्टोमाइसिन

(iv) (अ) वृहस्पति

(v) (अ) मेलामाइन

(vi) (स) मरकरी

(vii) (स) कार्बन मोनोऑक्साइड

(viii) (द) सभी

(ix) (ब) कायांतरण

(x) (अ) थ्रेसिंग

उ.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(i) रबी

(ii) चेचक

(iii) आकर्षण

उ.3 <u>अतिलघुत्तरीय प्रश्न –</u>

(i) जब कुली सिर पर बोझ रखते हैं तो कपड़े को गोल लपेटकर वे अपने शरीर से बोझ के संपर्क क्षेत्रफल को बढ़ा देते हैं। अतः उनके शरीर पर लगने वाला दाब कम हो जाता है और वे बोझ आसानी से उठा सकते हैं।

(ii) किसी वस्तु पर लगने वाले धक्के (अभिकर्षण) या खिंचाव (अपकर्षण) को बल कहते हैं। बल के प्रकार – संपर्क बल एवं गैर संपर्क बल।
संपर्क बल के अंतर्गत घर्षण बल एवं गैर संपर्क बल जैसे – गुरूत्वाकर्षण बल, स्थिर विद्युत बल एवं चुंबकीय बल।

(iii) पहचाने जाने योग्य आकृतियों वाले समूह को तारामंडल कहते हैं। जैसे – सप्तऋषि तारामंडल, अर्समेजर।

(iv) वे ईंधन जिनका निर्माण सजीवों के मृत अवशेषों द्वारा लाखों वर्षों पृथ्वी की सतह में दबे रहने पर होता है जीवाश्म ईंधन कहलाते हैं। जैसे – कोयला, पैट्रोलियम।

(v) प्राकृतिक गैस को उच्च दाब पर संपीड़ित प्राकृतिक गैस (CNG) के रूप में भंडारित किया है। यह कम प्रदूषणकारी एवं स्वच्छ ईंधन है जिसमें पर्यावरण प्रदूषण कम होता है।

(vi) रेड डाटा पुस्तक वह पुस्तक है जिसमें संकटापन्न स्वीशीज का रिकार्ड रखा जाता है। पौधे, जंतुओं और अन्य स्वीशीज के लिए अलग – अलग रेड डाटा पुस्तकें हैं।

(vii)

| | लैंगिक जनन | अलैंगिक जनन |
|---|---|---|
| (1) | इसमें दो युग्मकों के संलयन की आवश्यकता होती है। | यह एक युग्मक के द्वारा होता है। |
| (2) | लैंगिक जनन में निषेचन की प्रक्रिया होती है। | इसमें निषेचन नहीं पाया जाता हैं। |
| (3) | युग्मनज का निर्माण होता है। | युग्मनज का निर्माण नहीं होता है। |

(viii)

| | उर्वरक | खाद |
|---|---|---|
| (1) | ये अकार्बनिक पदार्थ है। | ये कार्बनिक पदार्थ है। |
| (2) | उर्वरक निर्माण फैक्ट्री में होता है। | इनका निर्माण पादप और जंतु अपशिष्ट से होता है। |
| (3) | सूक्ष्मजीवों की आवश्यकता नहीं होती है। | अपघटन के लिए सूक्ष्मजीवों की आवश्यकता होती है। |

उ.4 <u>लघुत्तरीय प्रश्न –</u>

(i) घर्षण एक बल है जो दो पृष्ठों के बीच सापेक्ष गति का विरोध करता है।

**घर्षण के लाभ –**

(1) पेंसिल अथवा पेन से कागज की सतह में लेखन में सहायक है।

(2) घर्षण के कारण ही हम आसानी से चल सकते हैं।

(3) वस्तुओं को पकड़ने में सहायक है।

(4) ब्रेक व पहियों के बीच लगने वाला घर्षण वाहनों को रोकने में सहायक है।


mpcareer.in

**हानियां –**

(1) पेंच, बॉल बेयरिंग, जूते आदि घर्षण के कारण घिस जाते हैं।

(2) मशीनों के पुर्जे घिस जाते हैं।


(ii) विद्युत द्वारा किसी पदार्थ पर किसी वांछित धातु की परत निक्षेपित करने की प्रक्रिया विद्युत लेपन कहलाती है। शुद्ध धातु एनोड की तरह तथा जिस धातु पर लेपन करना है वह कैथोड की तरह कार्य करती है।




(iii) **थर्मोप्लास्टिक** – प्लास्टिक जो गर्म करने पर आसानी से विकृत हो जाता है और सरलतापूर्वक मुड़ जाता है थर्मोप्लास्टिक कहलाता है। जैसे – पॉलीथीन, पीवीसी। इनका उपयोग खिलौने, कंघी आदि बनाने में किया जाता है।

**थर्मोसेटिंग** – ऐसे प्लास्टिक जिन्हें एक बार साँचें में ढ़ाल दिया जाता है तो इन्हें ऊष्मा देकर नर्म नहीं किया जा सकता, ये थर्मोसेटिंग प्लास्टिक कहलाते हैं। जैसे – बैकेलाइट, मेलेमाहन इनका उपयोग स्विच, बर्तनों के हत्थे आदि बनाने में किया जाता है।

(iv) चित्र –





मोमबत्ती की ज्वाला के विभिन्न क्षेत्र

mpcareer.in

(v)

| | जंतु कोशिका | | पादप कोशिका |
|---|---|---|---|
| (1) | लाइसोसोम उपस्थित होते हैं। | (1) | लाइसोसोम अनुपस्थित होते हैं। |
| (2) | कोशिका भित्ती अनुपस्थित होती है। | (2) | उपस्थित होती है। |
| (3) | क्लोरोप्लास्ट अनुपस्थित होता है। | (3) | उपस्थित होता है। |
| (4) | रिक्तिकाएं छोटी और संख्या में अधिक पाई जाती है। | (4) | रिक्तिका बड़ी एवं संख्या में कम पाई जाती है। |
| (5) | सेन्ट्रोसोम उपस्थित होते है। | (5) | सेन्ट्रोसोम अनुपस्थित होते हैं। |

(vi) मनुष्यों की कोशिकाओं के केन्द्रक में 23 जोड़े गुणसूत्र पाए जाते हैं इनमें से 2 गुणसूत्र (1 जोड़े) लिंग सूत्र होते हैं। स्त्रियों में दो – x गुणसूत्र जबकि पुरुषों में ⓧ एवं ⓨ गुणसूत्र होते हैं। x गुणसूत्र वाला शुक्राणु, अंडाणु को निषेचित करने पर ⓧⓧ गुणसूत्र सादा शिशु में विकसित होगा। यदि अंडाणु को निषेचित करने वाला शुक्राणु में y का गुण है तो युग्मनज नर शिशु में विकसित होगा।




(vii) **भूकंप** – भूकंप अचानक पृथ्वी में कंपन जो कम समय के लिए रहता है यह पृथ्वी की भूपर्पटी के भीतर गहराई में विचलन के कारण उत्पन्न होता है। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल में नापी जाती है।

**सुरक्षा एवं बचाव** – भवनों एवं धन–जन की हानि को रोकने के लिए निम्न उपाय अपनाने चाहिए –

(1) ऊंची और भारी वस्तुओं से दूर रहे जो गिर सकती है।

(2) भवनों के ढांचे सरल हो ताकि भूकंप निरापद हो।

(3) भूकंप के झटके महसूस होने की स्थिति में खुले स्थान पर पहुँच जाना चाहिए।

mpcareer.in

दीर्घउत्तरीय प्रश्न –

उ.5 (i) **ध्वनि प्रदूषण** –वातावरण में अत्यधिक या अवांछित ध्वनियों से उत्पन्न शोर को ध्वनि प्रदूषण कहते हैं। परिवेश में अत्यधिक शोर की उपस्थिति अनेक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण बन सकती है। अनिद्रा, अतितनाव (उच्च रक्तचाप), चिन्ता एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी विकार ध्वनि प्रदूषण से उत्पन्न होते हैं।

**नियंत्रित करने के उपाय** –

(1) ध्वनि उत्पन्न करने वाले क्रियाकलापों को आवासीय क्षेत्रों से दूर संचालित करना चाहिए।

(2) स्वचालित वाहनों के हॉर्न का उपयोग कम से कम करना चाहिए।

(3) उद्योगों को आवासीय क्षेत्रों से दूर स्थापित करना चाहिए।

(4) सड़कों तथा भवनों के आसपास पेड़ लगाने चाहिए जिससे कि ध्वनि आवासों तक न पहुँच पाए।

(5) वायुयानों एवं वाहनों में सायलेंसर का प्रयोग करना चाहिए।

**अथवा**


उ.5 मानव में ध्वनि वाकयंत्र अथवा कंठ द्वारा उत्पन्न होती है। यह श्वासनली के ऊपरी सिरे पर होता है वाकयंत्र या कंठ के आर–पार दो वाक–तंतु इस प्रकार तानित होते हैं कि उनके बीच में वायु में निकलने के लिए एक संकीर्ण झिरी बनी होती है।

जब फेफड़े वायु को बलपूर्वक झिरी से बाहर निकालते हैं तो वाकतंतु कंपित होते हैं जिससे ध्वनि उत्पन्न होती है। वाकतंतुओं से जुड़ी मांसपेशियां तंतुओं को तना हुआ या ढ़ीला कर सकती है। जब वाकतंतु तने हुए और पतले होते हैं वाक ध्वनि का प्रकार उसकी गुणता, ढीले एवं मोटे वाकतंतुओं से भिन्न होती है एवं उत्पन्न ध्वनि भी भिन्न होती है।

(ii) **कैलाइडोस्कोप** – कैलाइडोस्कोप का उपयोग एक दूसरे से किसी कोण पर रखे दर्पणों द्वारा अनेक प्रतिबिंबों के बनने की धारणा से विभिन्न आकर्षक पैटर्न बनाने के लिए किया जाता है। इसके लिए तीन आयताकार 15 सेमी. लंबी एवं 4 सेमी. चौड़ी कांच की पट्टियां लेकर उसे प्रिज्म की आकृति में जोड़ते हैं फिर इसे एक बेलनाकार ट्यूब में लगाते हैं ट्यूब के एक सिरे को गत्ते की डिस्क से बंद करके देखने के लिए एक छिद्र बनाते है ट्यूब के दूसरे सिरे पर एक वृत्ताकार प्लेट दर्पणों को छूते हुए लगाते हैं। प्लेट पर छोटे रंगीन कांच के टुकड़े रखकर कांच की प्लेट से बंद कर देते एवं कांच के टुकड़ों की हलचल के लिए पर्याप्त स्थान देते हैं। छिद्र से देखने पर नीचे की ओर विभिन्न प्रकार के पैटर्न दिखाई देते हैं। इसका उपयोग वस्त्रों के डिजाइन बनाने वाले तथा कलाकार नए – नए पैटर्न की कल्पना के लिए करते हैं।




mpcareer.in




<u>**अथवा**</u>

उ.5 चित्र –




मानव नेत्र

mpcareer.in

(iii) **धातुएं** – वे पदार्थ जो कठोर, चमकीले, तन्य, आघातवर्ध्य, ध्वानिक और ऊष्मा एवं विद्युत के सुचालक होते हैं धातु कहलाते हैं। जैसे – आयरन, कॉपर, एल्यूमीनियम

**भौतिक गुण –**

(i) कठोरता – धातुएं अत्यधिक कठोर होती है।

(ii) चमक – इनमें धात्विक चमक होती है।

(iii) आघातवर्ध्यनीयता – इन्हें पीटकर पतली चादर में परिवर्तित किया जा सकता है।

(iv) तन्यता – धातुओं को खींचकर पतली तारें बनाई जा सकती है।

**रासायनिक गुण –**

(i) धातुएं ऑक्सीजन से क्रियाकर धात्विक ऑक्साइड बनाती है।

$$2Mg + O_2 \rightarrow 2MgO$$

मैग्नीशियम ऑक्साइड

(ii) धातुएं अम्ल से क्रिया कर $H_2$ (हाइड्रोजन) गैस विस्थापित करती है।

**<u>अथवा</u>**

उ.5

| | धातु | | अधातु |
|---|---|---|---|
| (1) | धातुएं अत्यंत कठोर होती है। | (1) | अधातु भंगुर होती है। |
| (2) | ये अघातवर्धनीय होती है। | (2) | इनमें आघातवर्धनीयता का गुण नहीं पाया जाता है। |
| (3) | ये ऊष्मा एवं विद्युत की सुचालक होती है। | (3) | ये कुचालक होती है। |
| (4) | धातुओं में धात्विक चमक पाई जाती है। | (4) | ये निष्प्रभ होती है। |
| (5) | धातुओं के ऑक्साइड क्षारीय प्रकृति के होते हैं। | (5) | अधातुओं के ऑक्साइड अम्लीय प्रकृति के होते है। |
| (6) | इनका गलनांक एवं क्वथनांक उच्च होता है। | (6) | इनका गलनांक व क्वथनांक निम्न होता है। |
| (7) | जल से अभिक्रिया कर धातु हाइड्रॉक्साइड एवं हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करते हैं। | (7) | जल से अभिक्रिया नहीं करते हैं। |
| (8) | धातु अम्लों से क्रिया कर धातु लवण एवं हाइड्रोजन गैस बनाते हैं। | (8) | सामान्यतः अधातु अम्लों से क्रिया नहीं करते। |

(iv) **वायुप्रदूषण** –कुछ अवांछित पदार्थ जब वायु में मिल जाते है तो वायु की गुणवत्ता में कमी आ जाती है जिसे वायु प्रदूषण कहते हैं। वे अवांछित पदार्थ जो वायु को प्रदूषित करते हैं वायु प्रदूषक कहलाते हैं। जैसे – धुआं, धूल, $CO_2$, CFC

**वायु प्रदूषण के कारण –**

(1) वाहनों, औद्योगिक इकाईयों धुआं।

(2) पैट्रोल और डीजल के अपूर्ण दहन से उत्पन्न (CO) कार्बन मोनो ऑक्साइड।

(3) वनोन्मूलन, नगरीकरण के कारण ।

**प्रभाव** – वायु प्रदूषण से उत्पन्न कार्बन मोनो ऑक्साइड के कारण रूधिर में ऑक्सीजन वहन क्षमता कम हो जाती है। रेफ्रीजरेटरों, AC से निकलने वाले CFC द्वारा ओजोन परत का ह्रास हो रहा है इससे त्वचा कैंसर संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। विश्व उष्ठान एवं अम्लीय वृत्ति के कारण पुरातात्विक इमारतों का क्षरण हो रहा है।

**नियंत्रण के उपाय –**

(1) वाहनों में CNG जैसे धुआंरहित ईंधनों का उपयोग करना।

(2) उद्योगों एवं फैक्ट्रियों को आवासीय क्षेत्र से दूर एवं विमनियों को ऊंचा रखना चाहिए।

(3) ऊर्जा के वैकल्पिक ईंधन जैसे – सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि को जीवाश्म ईंधन के स्थान पर उपयोग करना।

(4) अधिक से अधिक वृक्षारोपण, जनजागरूकता के माध्यम से वायु प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकता है।

<u>अथवा</u>

उ.5 (i) **अम्लीय वृष्टि** – वाहनों, उद्योगों, जीवाश्म ईंधनों के दहन के परिणामस्वरूप निकलने वाले धुएं में $SO_2$, $SO_3$, $CO_2$, $NO_2$ आदि गैसे निकलती हैं। जब सल्फर के ऑक्साइड जल से मिलकर सल्फ्यूरिक अम्ल एवं नाइट्रोजन ऑक्साइड, नाइट्रिक अम्ल बनाते हैं जो बारिश के साथ जमीन पर आते हैं अर्थात् ऐसी वर्षा जिसके जल में अम्लीयता अधिक होती है अम्ल वर्षा कहलाती है।

**अम्ल वर्षा के प्रभाव –**

(i) अम्लीय वर्षा के कारण जलन एवं फफोले बन जाते हैं।

(ii) कई श्वसन संबंधी बीमारियां ब्रोकाइटिस एवं निमोनिया आदि हो जाते हैं।

(iii) अम्लीय वृष्टि से जलीय जीवों को क्षति होती है।

(iv) मूर्तियां, इमारतों, भवनों एवं पुरातात्विक धरोहरों को नुकसान होता है जैसे – ताजमहल का पीला होना।

mpcareer.in

(ii) **विश्व उष्ठान** – सूर्य की किरणें वायुमंडल से गुजरने के पश्चात् पृथ्वी की सतह को गर्म करती है। पृथ्वी पर पड़ने वाले सूर्य के विकिरणों का कुछ भाग पृथ्वी अवशोषित कर लेती है एवं कुछ भाग परावर्तित होकर अंतरिक्ष में लौट जाता है। परावर्तित विकिरणों का कुछ भाग वायुमंडल में रूक जाता है, ये रूका हुआ विकिरण पृथ्वी को गर्म करता है। इसके लिए हवा में $CO_2$ की अधिकता उत्तरदायी है। $CO_2$ की अधिकता प्रदूषक की भांति कार्य करती है। वनोन्मूलन के कारण $CO_2$ की मात्रा बढ़ रही है। मानवीय क्रियाकलापों के द्वारा $CO_2$ का वायुमंडल में संचय हो रहा है।

$CO_2$ ऊष्मा को रोक लेती है और वायुमंडल में नहीं जाने देती, परिणामस्वरूप वायुमंडल के औसत ताप में निरंतर वृद्धि हो रही है। इसे विश्व उष्ठान कहते हैं। $CO_2$ के अतिरिक्त अन्य गैसे जैसे – मैथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जलवाष्प भी तापमान में वृद्धि के लिए उत्तरदायी है।

विश्व उष्ठान के कारण हिमालय के हिमनद एवं ध्रुवीय क्षेत्रों की बर्फ पिघलने लगी है। अधिकाधिक वृक्षारोपण के द्वारा $CO_2$ की मात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है क्योंकि प्रकाश संश्लेषण में $CO_2$ की काफी मात्रा अवशोषित कर ली जाती है एवं $O_2$ (ऑक्सीजन) प्राप्त हो जाती है।

---

mpcareer.in

कुल प्रश्नों की संख्या : 06 | कुल पृष्ठों की संख्या : 08

Total No. of Questions: 06 | Total No. of Pages: 08

# पूर्व माध्यमिक (कक्षा–8वीं) शिक्षा प्रमाण पत्र स्वाध्यायी परीक्षा, दिसम्बर–2021

# 113

## विषय : सामाजिक विज्ञान

## Subject: SOCIAL SCIENCE

## (Hindi & English Version)

समय : 03 घण्टे | पूर्णांक : 100

Time : 03 Hours | Maximum Marks: 100

---

*निर्देश :–*

*(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रश्न क्रमांक 1 और 2 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं।*

*(iii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके समक्ष दिए गए हैं।*

*(iv) प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय सीमा में दीजिए –*

*प्रश्न क्रमांक 3 के उत्तर लगभग 30 शब्दों में,*

*प्रश्न क्रमांक 4 के उत्तर लगभग 50 शब्दों में और*

*प्रश्न क्रमांक 5 के उत्तर लगभग 120 शब्दों में।*

*(v) प्रश्न क्रमांक 6 के उत्तर ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के संलग्न रेखा मानचित्र में दीजिए।*

***Instructions :-***

***(i) All questions are compulsory.***

***(ii) Question No. 1 & 2 are objective type questions.***

***(iii) Marks allotted to each question are mentioned against them.***

***(iv) Answer the questions in the prescribed word limit –***

***Q. No. 3 in about 30 words.***

***Q. No. 4 in about 50 words.***

***Q. No. 5 in about 120 words.***

***(v) Give answer of Q. No. 6 in attached outline map of Australia.***

mpcareer.in

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(10×1=10)**

(i) निम्नलिखित में से कौन–सी व्यापारिक कंपनी भारत नहीं आई थी?

(अ) पुर्तगाली

(ब) डच

(स) फ्रांसीसी

(द) अमेरिकन

(ii) वयस्क मताधिकार के लिए आयु निर्धारित है –

(अ) 14 वर्ष

(ब) 18 वर्ष

(स) 19 वर्ष

(द) 21 वर्ष

(iii) पृथ्वी का लगभग कितने प्रतिशत भाग जलमंडल से घिरा हुआ है?

(अ) 61%

(ब) 71%

(स) 81%

(द) 51%

(iv) थलसेना का मुख्यालय स्थित है –

(अ) मुंबई में

(ब) कोच्चि में

(स) बैंगलोर में

(द) नई दिल्ली में

(v) मानचित्र में भूरा रंग दर्शाता है –

(अ) मैदान को

(ब) पर्वत को

(स) पठार को

(द) नदियों को

mpcareer.in

(vi) भारत सचिवालय का प्रमुख कहलाता है –

(अ) भारत सचिव

(ब) वायसराय

(स) गवर्नर जनरल

(द) सचिव

(vii) रोलेक्ट एक्ट कब पारित हुआ था?

(अ) 7 अप्रैल, 1919

(ब) 8 मार्च, 1919

(स) 6 मार्च, 1919

(द) 19 अप्रैल, 1919

(viii) कुनैन नाम की दवा बनाई जाती है –

(अ) चिकिल से

(ब) सिनकोना वृक्ष से

(स) नीम से

(द) ताड़ वृक्ष से

(ix) सन् 1813 में कौन – सा एक्ट पारित किया गया था?

(अ) चार्टर एक्ट

(ब) रॉलेट एक्ट

(स) रेग्युलेटिंग एक्ट

(द) पिट्स इंडिया एक्ट

(x) संविधान में कितनी भाषाओं को अधिसूचित किया गया हैं?

(अ) 14

(ब) 18

(स) 22

(द) 26

mpcareer.in

Choose the correct option of the following : -

(i) Which of the following trading company did not come to India?

(a) Portuguese

(b) Dutch

(c) French

(d) American

(ii) Age Fixed for Adult franchise is a -

(a) 14 years

(b) 18 years

(c) 19 years

(d) 21 years

(iii) How much area of the earth is covered by the Hydrosphere?

(a) 61%

(b) 71%

(c) 81%

(d) 51%

(iv) The Headquarters of Army is situated at -

(a) Mumbai

(b) Kochi

(c) Bangalore

(d) New Delhi

(v) In the map Brown colour are shown as -

(a) plains

(b) mountains

(c) plateau

(d) rivers

mpcareer.in

(vi) Head of the Indian Secretariat is called -

(a) Indian Secretary

(b) Viceroy

(c) Governor General

(d) Secretary

(vii) When was Rowlatt Act passed?

(a) 7 April, 1919

(b) 8 March, 1919

(c) 6 March, 1919

(d) 19 April, 1919

(viii) Quinine medicine is made of -

(a) Chikil tree

(b) Cinchona tree

(c) Neem tree

(d) Date tree

(ix) Which Act was passed in 1813?

(a) Charter Act

(b) Rowlatt Act

(c) Regulating Act

(d) Pitt's India Act

(x) How many India languages have been mentioned in the Constitution?

(a) 14

(b) 18

(c) 22

(d) 26

mpcareer.in

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति करें – (4×1=4)

(i) मानचित्र का शीर्ष ......................... दिशा को दर्शाता है।

(ii) भारत में व्यापार के लिए सर्वप्रथम ......................... यूरोपीयन व्यापारी आए।

(iii) संविधान में कुल ....................... मौलिक अधिकारों की व्यवस्था की गई।

(iv) सियाल में सिलिका और .................. धातुओं की प्रधानता होती है।

Fill in the blanks -

(i) The top of a map indicates the …………. .

(ii) The first European traders to come to India was the …………..........

(iii) In the Indian Constitution total……..............…fundamental rights have been conferred.

(iv) Sial contains silica and ……….......… metals mostly.

प्र.3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए – (6×3=18)

(i) 'स्थानीय स्वाशासन का जनक' किसे कहा जाता था?

(ii) ऑस्ट्रेलिया में सोने की प्रसिद्ध खदानों के नाम लिखिए?

(iii) धरातल की तीन प्रमुख स्थलाकृतियाँ कौन–सी हैं?

(iv) वलित पर्वत किसे कहते हैं?

(v) अंग्रेजों द्वारा गांधीजी को कौन–सी उपाधि दी गई थी?

(vi) गुटनिरपेक्षता से आप क्या समझते हैं?

Write brief answers of the following questions -

(i) Who was called the 'father of local governance'?

(ii) Write the name of famous gold mines in Australia.

(iii) Which are the three main land forms of surface?

(iv) What is a Folded mountain?

(v) Which title was given to Gandhiji by the Britishers?

(vi) What is meant by Non-alignment?



mpcareer.in

प्र.4 लघुउत्तरीय प्रश्न – (8×5=40)

(i) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना क्या है?

(ii) संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अंगों के नाम लिखिए।

(iii) समोच्च रेखा किसे कहते है?

(iv) गांधीजी द्वारा असहयोग आंदोलन किस घटना के कारण स्थागितकर दिया गया?

(v) डाउन्स क्या है? समझाइए।

(vi) किसी एक सामाजिक समस्या के कारण बताइए।

(vii) रामकृष्ण मिशन की स्थापना स्वामी विवेकानंद ने किस उद्देश्य से की थी?

(viii) किसान क्रेडिट कार्ड योजना क्या है?

Short Answer Type Questions -

(i) What is National Gramin Rozgar Guarantee Yojana?

(ii) Write the names of major organs of the UN.

(iii) What are contour line?

(iv) Why did Gandhiji put off Non-cooperation movement?

(v) What is Downs? Explain.

(vi) Mention any one social problem.

(vii) What was the objective of Swami Vivekananda to found the Ramakrishna mission?

(viii) What is Kisan Credit Card Yojana?

प्र.5 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – (3×7=21)

Long Answer Type Questions -

(i) भारत छोड़ो आंदोलन पर टिप्पणी लिखिए।

Write note on the Quit India Movement.

**<u>अथवा / OR</u>**

क्रांतिकारी आंदोलन के उदय के कारण लिखिए?

What were the reason of the rise of Revolutionary Movement?

(ii) भारत की विदेश नीति के क्या लक्ष्य हैं?

What are the aims of India's Foreign policy?



mpcareer.in

**अथवा / OR**

जल को प्रदूषित करने वाले प्रमुख स्त्रोतों का वर्णन कीजिए।

Describe the major sources that pollute water.

(iii) ग्रेट बैरियर रीफ क्या है? वर्णन कीजिए।

What is Great Barrier Reef? Explain.

**अथवा / OR**

ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप में भेड़ पालन उद्योग क्यों उन्नत है?

Why sheep rearing industry is advanced in Australia?

प्र.6 ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के रेखामानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए – **(1×7=7)**

(अ) तस्मानिया द्वीप (ब) ग्रेट सैंडी मरुस्थल

(स) ग्रेट बैरियर रीफ (द) मर्रे–डार्लिंग नदियाँ

(य) कुक जलसंधि (र) डाउन्स घास का मैदान

(ल) पापुआ न्यू गिनी देश

Show the following on the map of Australia continent -

(a) Tasmania Island (b) Great Sandy Desert

(c) Great Barrier Reef (d) Murray and Darling river

(e) Cook strait (f) Downs Grassland

(g) Papua New Guinea

**अथवा / OR**

ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप में निम्नांकित को दर्शाइए –

(अ) कालगुर्ली व कुलगार्डी सोने की खदाने (ब) मकर रेखा

(स) न्यूजीलैण्ड (द) सिडनी नगर

(य) कोरल सागर (र) कारपेंटरिया की खाड़ी

(ल) एक गेहूँ उत्पादक क्षेत्र

Show the following on the map of Australia continent and attach it with the answer copy -

(a) Gold mines of Kalgoorlie and Coolgardie

(b) Tropic of Capricorn (c) New Zealand

(d) Sydney city (e) Coral sea (Koral Sagar)

(f) Bay of Carpentaria (g) Wheat producing area

-------------------------



mpcareer.in

कुल पृष्ठों की संख्या : 07

# पूर्व माध्यमिक (कक्षा–8 वीं) शिक्षा प्रमाण पत्र स्वाध्यायी परीक्षा, दिसम्बर–2021

# 113

## विषय : सामाजिक विज्ञान

## Subject: SOCIAL SCIENCE

## आदर्श उत्तर

उ.1 सही विकल्प –

(i) (द) अमेरिकन

(ii) (ब) 18 वर्ष

(iii) (ब) 71%

(iv) (द) नई दिल्ली

(v) (स) पठार

(vi) (अ) भारत सचिव

(vii) (ब) 8 मार्च, 1919

(viii) (ब) सिनकोना वृक्ष से

(ix) (अ) चार्टर एक्ट

(x) (स) 22 भाषायें

उ.2 रिक्त स्थान –

(i) उत्तर दिशा

(ii) पुर्तगाली

(iii) छः

(iv) एल्युमीनियम

mpcareer.in

उ.3 अतिलघुउत्तरीय प्रश्न –

(i) लॉर्ड रिपन को स्थानीय स्वशासन का जनक कहा जाता था।

(ii) ऑस्ट्रेलिया में सोने की प्रसिद्ध खदाने कालगुर्ली व कूलगार्डी है।

(iii) ऊँचाई के आधार पर, घरातल की तीन प्रमुख स्थलाकृतियों को मैदान, पठार और पहाड़ नाम दिये है।

(iv) पृथ्वी की आंतरिक शक्तियों द्वारा विपरीत दिशाओं के दबाव से निर्मित पर्वत वलित पर्वत कहलाते है।

(v) अंग्रेजों द्वारा गाँधीजी को 'केसर – ए – हिन्द' की उपाधि दी गई।

(vi) <u>**गुटनिरपेक्षता**</u> – गुटनिरपेक्षता का अर्थ है शक्ति शाली गुटों से दूर रहना। विश्व में शांति और सुरक्षा बनाये रखने के लिए भारत ने गुटनिर पेक्षता की नीति अपनाई हैं।

उ.4 लघुउत्तरीय प्रश्न –

(i) <u>**ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना**</u> – केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना 2005 विधेयक पारित किया गया है। इस विधेयक में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार के एक वयस्क व्यक्ति को 100 दिवसों का रोजगार उसके निवास के निकट पाँच किलोमीटर के दायरे में दिये जाने हेतु प्रावधान किया गया है। वर्तमान में इस योजना को मनरेगा के नाम से जाना जाता है।

(ii) <u>**संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अंग**</u> –

संयुक्त राष्ट्र संघ के निम्नलिखित छः अंग है –

(1) सामान्य सभा

(2) सुरक्षा परिषद

(3) आर्थिक और सामाजिक परिषद

(4) न्यास परिषद

(5) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

(6) सचिवालय

(iii) समोच्च रेखा – घराताल की बनावट और दाल संबंधी छोटी – छोटी बातों को भी पूरी शुद्धता से मानचित्र पर प्रदर्शित करने वाले माध्यम या विधि को समोच्च रेखाएँ कहा जाता है। ये वे रेखाएँ है जो समुद्र तल से एकसमान ऊँचाई वाले स्थानों को मिलाती हुई मानचित्र में खींची जाती है।

mpcareer.in

(iv) 5 फरवरी को उत्तरप्रदेश में चौरी–चौरी नामक स्थान पर क्रुद्ध भीड़ ने एक थानेदार व 21 पुलिसकर्मियों को थान में बंद कर जिन्दा जला दिया। इस घटना से दुःखी होकर गाँधीजी ने असघ्योग आंदोलन स्थगित कर दिया।

(v) **डाउन्स घास के मैदान** – ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र में उष्ण कटिबंधीय घास भूमि और दक्षिण के मर्रेडार्लिंग बेसन में शीतोष्ण घास भूमि है जिसे 'डाउन्स' के नाम से जाना जाता है।

(vi) अशिक्षा, गरीबी और बड़े परिवार के कारण प्रायः बच्चो को अपना पेट भरने एवं पारिवारिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कम उम्र में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। जबकि इस आयु में उन्हे स्कूल जाना चाहिए। अतः बालश्रम व बाल मजदूरी एक विकराल सामाजिक समस्या है।

(vii) स्वामी विवेकानंद ने भारतीय राष्ट्रवाद को आध्यात्म की अच्छाइयों से जोड़कर, समाज की सेवा करने के उद्देश्य से रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। सन् 1897 में इस मिशन की स्थापना की थी।

(viii) **किसान क्रेडिट कार्ड योजना** – किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सन् 1998 – 99 में किसान क्रेडित कार्य योजना विभिन्न बैंको के माध्यम से प्रारंभ की गई। इसके अंतर्गत किसनों को कृषि भूमि के आधार पर उचित मात्रा में अल्पकालीन ऋण न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ – 2 फसलों का बीमा कराकर किसान के जोखिम को कम कर दिया जाता है। किसान को भी बीमा लाभ की सुविधा प्रदान की जाती है।

उ.5 दीघउत्तरीय प्रश्न –

(i) **भारत छोड़ो आंदोलन** – 8 अगस्त 1942 को बम्बई में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एक प्रस्ताव में घोषण की कि भारत में ब्रिटिश सरकार, को जल्दी समाप्त करना अति आवश्यक हो गया है। इसी समय गांधीजी ने 'करो या मरो' का नारा दिया। 9 अगस्त 1942 की सुबह कांग्रेस के अधिकांश नेता गिरफ्तार कर लिए गए। उन्हें देश की विभिन्न जेलों में बंद कर दिया गया। परिणामस्वरूप आंदोलन ने उग्र रूप धारण कर लिया। गोलियाँ चली, लाठीचार्ज़ हुए और सारे देश में गिरफ्तारियाँ हुई। लगभग हजारों लोग घायल हुये। अंततः आक्रोशित जनता भी हिंसा पर उतर आयी। बलिया और सतारा जैसे कुछ स्थान अंग्रेजी दासता से मुक्त हो गये। मगर सरकारी दमन चक्र की उग्रता अपनी सभी सीमाएँ तोड़ गई। हवाई जहाजों से बस बरसाये गये, गोलियाँ चलाई गई। बड़ी संख्या में लोग मारे गए सभी बड़े नेता बंदीगृह में थे और जो बाहर, थे उन्होनें भूमिगत रहकर आंदोलन को संचालित किया। इस आंदोलन में बच्चे, बूढ़े, महिलाओं सहित सभी ने बढ़ चढ़ कर, भाग लिया और अंग्रेजों भारत छोड़े के नारे लगाये। ब्रिटिश सत्ता के प्रति भारतीय जनता में आक्राश चश्म पर था। यह आंदोलन भारत की स्वतंत्रता के लिए एक सफल कदम था और राष्ट्रीय एकता से ओत प्रोत था।

mpcareer.in

<u>अथवा</u>

उ.5 (i) **<u>क्रांतिकारी आंदोलन के उदय के कारण</u>** – क्रांतिकारी आंदोलन किसी एक कारण के परिणाम नहीं थे वरन अनेक कारणों ने इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जिनमें में से प्रमुख कारण इस प्रकार है।

(1) **<u>आर्थिक असंतोष</u>** – 19वीं सदी के अंत में तथा 20वीं सदी के प्रारंभिक वर्षो में भारत में अनेक बार अकाक्ष और महामारी का प्रकोच हुआ। ऐसे अवसरों पर ब्रिटिश सरकार की उपेक्षाकृत नीति से भारतीयों में असंतोष बढ़ा।

(2) **<u>लॉर्ड कर्जन की प्रतिक्रिया वादी नीति</u>** – लॉर्ड कर्जन की इस नीति से भारतीयों में असंतोष को बढ़ा दिया भारतीय विश्वविधालय अधिनियम 1904 में सीनेट की व्यवस्था से शिक्षित भारतीयों में असंतोष उत्पन्न हो गया। सरकारी गोपनीयता तथा कलकत्ता के कारपोरशन अधिनियम ने जनसाधारण में क्रोध व असंतोष को बढ़ा दिया।

(3) **<u>बंगाल विभाजन</u>** – कर्जन का सबसे घृणित कार्य बंगाल को दो भागों में विभाजित करना था। इस घटना से सारा राष्ट्र उत्तेजित हो गया था। इससे भारतीय युवाओं में त्याग व बलिदान की भावना जागृत हुई।

(4) **<u>अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं का प्रभाव</u>** – 19वीं सदी में विश्व के अनेक देशों में क्रांतियाँ हुई और उनमें राष्ट्रीयता और स्वतंत्रता प्राप्ति की होड़ लग गई। अमेरिका, फ्रांस, इटली, जर्मनी और आयरलैण्ड के स्वाधीनता संग्राम और उनके परिणाम भारतीय क्रांतिकारियों के लिए प्रेरणादायक बने।

(ii) **<u>भारत की विदेश नीति के लक्ष्य</u>** – भारत की विदेश नीति की जड़े विगत कई शताब्दियों से विकसित सभ्यताओं के मूल में छिपी हुई है। इस विदेश नीति के प्रमुख लक्ष्य निम्नलिखित प्रकार से है।

(1) भारत को विश्व प्रभावशाली शक्ति बनाना।

(2) भारत के औद्योगिक विकास के लिए दूसरे क्षेत्रों से आर्थिक सहायता प्राप्त करना।

(3) उपनिवेशवाद साम्राज्यवाद का विरोध करना।

(4) एशिया और अफ्रीका के देशों के स्वतंत्रता आंदोलन का समर्थन करना।

(5) राष्ट्रमंडल के देशों से घमिष्ठ संबंध बनाए रखना।

(6) राष्ट्रीय हितों की पूर्ति करना।

(7) वैदेशिक व्यापार के विकास हेतु आवश्यक दशाचें निर्मित करना।

(8) पारस्परिक आर्थिक तथा जन हित के रक्षार्थ एशियाई अफ्रीकी देशों को संगठित करना।

(9) संयुक्त राष्ट्र संघ का समर्थन तथा सहयोग करना।

mpcareer.in

<u>अथवा</u>

उ.5 (ii) **<u>जल को प्रदूषित करने वाले प्रमुख स्त्रोत</u> –** जल को प्रदूषित करने वाले स्त्रोत दो प्रकार में है –

(1) प्राकृतिक स्त्रोत

(2) मानवीय स्त्रोत

**<u>प्राकृतिक स्त्रोत</u>** – कुछ प्राकृतिक पदार्थ भी जल को प्रदूषित करते हैं इनमें विभिन्न गैसें, मृदा, खनिज, वनस्पति, मृत जीव जंतु आदि है। यदि किसी भूमि में खनिज की मात्रा अधिक है और वहाँ पर जल एकत्रित हो रहा है तो खनिज पदार्थ का जल द्वारा रासायनिक अपक्षय होता है अर्थात वे खनिज पदार्थ का जल में घुल जाते हैं, जो जल के साथ घुलकर जल को अतिविषाक्त बना देते हैं।

**<u>मानवीय स्त्रोत</u>** – मानव द्वारा जल को विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा प्रदूषित किया जाता है। जैसे मल – घरेलू और सार्वजनिक शौचालयों से निकले मलमूत्र को जलाशयों में डाला जाता है। घरों में होटलों में बर्तन, फर्श व कपड़ो की सफाई करने में साबुनों व अपमार्जकों का प्रयोग किया जाता है जो प्रदूषण का बड़ा कारण है। वहीं औद्योगिक अपशिष्ट जल का प्रमुख प्रदूषण स्त्रोत है। उद्योगों से निकले विभिन्न रासायनिक पदार्थ सीधे नदी, तालाब व जलाशयों आदि में प्रवाहित कर दिये जाते हैं जिससे जल प्रदूषित होता है।

(iii) **<u>ग्रेट बेरियर रीफ</u> –** ऑस्ट्रेलिया के उत्तर – पूर्वी तट के साथ–साथ समुद्र में एक विशाल प्रवालभित्ति (मूंगे की चट्टान) पायी जाती है। इसे ग्रेट बेश्यिर रीफ कहा जाता है। इस विश्व प्रसिद्ध प्रवालभित्ति की लम्बाई 1920 Km है, जो तट से 11 km से लगभग 100 km दूर तक फैली है। प्रवाल एक प्रकार से छोटे समुद्री, जीव होते हैं, जो समुद्र की तली के चट्टानों से चिपके रहते हैं।

प्रवाल उष्ण कटिबंधीय समुद्रों के स्वच्छ और उथले जल में ही अच्छी तरह पनपते हैं। प्रवाल जीवों के मरने पर उनके अस्थि पंजर अपने स्थान पर ही जमे रहते हैं, और नये प्रवाल उनके ऊपर जन्म ले लेते हैं। प्रवाल के अस्थि पंजरो के इस विशाल जमाव को प्रवालभित्ति कहते हैं।

महाद्वीपीय तट तथा अवशेषी शैल भित्ति के बीच का क्षेत्र पर्यटकों के लिये अत्यंत आकर्षक स्थल है। जलवायु परिवर्तन के बुरे असर से ग्रेट बेरियर टीफ के बचने की संभावना कम है इसके बचाव के लिए बहुत प्रयास किये जा रहे हैं।

## अथवा


उ.5 (iii) **<u>ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप में भेड़पालन उद्योग</u> –** यहाँ भेड़ो को मुख्यतः ऊन के लिए पाला जाता है तथा कुछ भेड़े माँस के लिए भी पाली जाती है। यहाँ भेड़ो को बड़े – बड़े बाड़ो में रखा जाता है। ये भेड़पालन केन्द्र कई किलोमीटर तक फैले रहते है। यहाँ मर्रे–डार्लिंग नदियों के बीच फैला क्षेत्र भेड़पालन के लिए सबसे उपयुक्त है।

भेड़ो को चराने के लिए यहाँ चरागाह बहुतायत में है। यहाँ ऊन के लिए सामान्यतः 'मेरीनो' जाति की भेड़े पाली जाती है जिनमें बहुत अच्छे किस्म की ऊन प्राप्त होती है।

आस्ट्रेलिया में भेड़ो से ऊन उतारने के लिए आधुनिक मशीनो का प्रयोग किया जाता है। भेड़ो से ऊन उतारने के लिए अधिक मात्रा में कुशल श्रमिको की जरूरत होती है जो यहाँ बड़ी संख्या में आसानी से मिल जाते हैं। मुख्यतः न्यूसाउथिवेल्स, विक्टोरिया, क्वीन्सलैण्ड, न्यूजीलैण्ड अदि में भेड़े पाली जाती है। अतः भेड़ पालन के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थितियों के इन्ही सब कारणों से ऑस्ट्रेलिया में भेड़पालन उद्रयोग बहुत उन्नत है।

उ.6 ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप का रेखामान चित्र –

चित्र – ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप





mpcareer.in

<u>अथवा</u>

उ.6 ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के रेखामान चित्र में निम्नांकित अंकित है इस प्रकार –

चित्र – ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप




-------------------------------

mpcareer.in

कुल प्रश्नों की संख्या : 12 | कुल पृष्ठों की संख्या : 04

Total No. of Questions: 12 | Total No. of Pages: 04

# पूर्व माध्यमिक (कक्षा–8वीं) शिक्षा प्रमाण पत्र स्वाध्यायी परीक्षा, दिसम्बर–2021

# 115

## विषय : संस्कृतम् (लिखित)

## Subject: SANSKRIT (Written)

समय : 03 घण्टे | पूर्णाङ्क : 100

Time : 03 Hours | Maximum Marks:100

*निर्देशः – (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(2) प्रश्न क्र. 1 और 2 वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं।*

*(3) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके समक्ष दिए गए हैं।*

प्र.1 उचित विकल्पं चित्वा लिखत – (5)

(अ) लोकहितम् मम –

(i) स्मरणीयम् (ii) करणीयम्

(iii) जागरणीयम् (iv) गणनीयम्

(ब) विवेकानन्दस्य बाल्यकालस्य नाम आसीत् –

(i) सोमनाथः (ii) नरेन्द्रनाथः

(iii) हरिनाथः (iv) भोलानाथः

(स) मेघदूतस्य कविः –

(i) माघः (ii) तुलसीदासः

(iii) कालिदासः (iv) भारविः

(द) शिवराजस्य गुरुः –

(i) श्री रामदासः (ii) कालिदासः

(iii) आदित्यदासः (iv) तुलसीदासः

(इ) 'तथैव' पदस्य संधि विच्छेदः अस्ति –

(i) त + थैव (ii) तथै + व

(iii) तथा + एव (iv) तथा + च

mpcareer.in

प्र.2 प्रदत्तशब्दैः रिक्तस्थानानि पूरयत – (5)

(अ) केशवदासः .................................. कवि आसीत्। (संस्कृत भाषायाः / हिन्दी भाषायाः)

(ब) ......................... सर्वत्र पूज्यते। (मूर्खः / विद्वान्)

(स) राष्ट्रपति ................. अभिवन्दनं स्वीकरोति। (सेनानायकैः / नायकैः)

(द) आर्यभट्टः ........................... आसीत्। (खगोलशास्त्री / साहित्यशास्त्री)

(इ) कंसः जघान ........................। (रामः / कृष्णः)

प्र.3 अधोलिखित प्रश्नानाम् उत्तराणि एकपदेन लिखत – (21)

(अ) चन्द्रशेखरस्य जन्म कस्मिन् ग्रामे अभवत?

(ब) ज्ञानस्य अधिष्ठात्री देवी का?

(स) वातात् शीघ्रतरं किम्?

(द) चटका युगलं कुत्र निवसति स्म?

(इ) विषपानस्थलं कुत्र वर्तते?

(फ) जयन्तः सीता चरणे किं कृतवान?

(र) अस्तसमये सूर्यस्य कः वर्णः भवति?

प्र.4 अधोलिखित प्रश्नानाम् उत्तराणि एकवाक्येन लिखत – (18)

(अ) ओरछा नगरस्य परिक्षेत्रे प्रमुख नदीनां नामानि लिखत?

(ब) भारतस्य राष्ट्रीय पर्वणी के?

(स) कालिदासेन विरचितानां नाट्य ग्रन्थानां नामानि लिखत?

प्र.5 (अ) अधोलिखित शब्दानां संधि विच्छेदं कृत्वा संधि नाम लिखत – (3)

(i) विद्यालयः (ii) सज्जनः

(ब) अधोलिखित पदानां समास विग्रहं कृत्वा समासनाम लिखत – (3)

(i) पितरौ (ii) नवरात्रम्

प्र.6 (अ) निर्देशानुसारं शब्दरूपाणि लिखत – (3)

(i) वारि – सप्तमी विभक्ति एकवचनम्

(ii) पितृ – प्रथमा विभक्ति बहुवचनम्

(ब) निर्देशानुसारं धातुरूपाणि लिखत – (3)

(i) गम् – विधिलिङ्लकार प्रथमपुरुष एकवचनम्

(ii) लभ् – लट्लकार मध्यमपुरुष द्विवचनम्

mpcareer.in

प्र.7 (अ) अधोलिखित पदानां धातुं प्रत्ययं च पृथक कुरुत – (3)

(i) पठित्वा (ii) हसितुम्

(ब) अधोलिखित उपसर्गान् योजयित्वा पद निर्माणं कुरुत – (3)

(i) प्र (ii) अनु

प्र.8 श्लोक पूर्तिं कुरुत – (5)

उद्यमं .................. धैर्यं .................... शक्तिः ........................... ।

...........................यत्र वर्तन्ते तत्र ............................ सहायकः ।।

**अथवा**

अधोलिखित अव्ययानां वाक्य प्रयोगं कुरुत –

(i) अद्य

(ii) प्रायः

(iii) सहसा

(iv) नित्यम्

(v) अग्रतः

प्र.9 अधोलिखित गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानाम् उत्तराणि संस्कृते लिखत – (7)

जीवनस्यार्थः उन्नतिरस्ति। उन्नतेः तात्पर्य हृदयस्यौदार्यमस्ति। परोपकारः एव जीवनगतिः। स्वार्थभावः एव मृत्युः। प्रेमभावः एव जीवनम्। द्वेषभावः एवं मृत्युः। प्रेमभावः एव भक्तिः ज्ञानं मुक्तिश्चास्ति। प्रेम बिना नेदं यदिदमुपासते।

(i) जीवनस्य अर्थः क अस्ति?

(ii) उन्नतेः तात्पर्यं किम्?

(iii) कः जीवन एव।

(iv) 'परोपकारः' इत्यस्य पदस्य संधि विच्छेदं कुरुत।

mpcareer.in

प्र.10 अधोलिखित पद्यांशं पठित्वा प्रश्नानाम् उत्तराणि संस्कृते लिखत – (7)

निर्धनस्य विषं भोगो निस्सत्त्वस्य विषं रणम्।

अनभ्यासे विषं शास्त्रम् अजीर्णे भोजनं विषम्।।

(i) अजीर्णं विषं किम्?

(ii) शास्त्रं कदा विषम्?

(iii) निस्सत्त्वस्य किं विषम्?

(iv) ''विषम्'' इत्यस्य शब्दस्य विलोम शब्दं लिखत।

प्र.11 प्रदत्तैः शब्दैः पत्रं पूरयत (कार्यम्, निवेदनम्, विद्यालयम्, एक दिवसीयम्, शिष्याः, श्रीमान, भवतः) (7)

सेवायाम्

.............. प्रधानाध्यापक महोदयः

शासकीय माध्यमिक विद्यालयः दशपुरम्

महोदयः

विनम्र .................... अस्ति। यत् अद्य मम गृहे आवश्यकं ................. अस्ति। अत एव अहं ......... आगन्तुं न शक्नोमि। अतः 21-04-2021 दिनाङ्ककस्य ...................... अवकाशं स्वीकरोतु।.........

आज्ञाकारी ........... शालिनी

अष्टमी कक्षा

प्र.12 अधोलिखितेषु एकस्मिन विषये सप्तवाक्येषु संस्कृते निबंध लिखत – (7)

(i) धेनुः

(ii) उद्यानम्

(iii) विद्यालयः

(iv) पुस्तकम

-------------------------

mpcareer.in

कुल पृष्ठों की संख्या : 03

# पूर्व माध्यमिक (कक्षा–8 वीं) शिक्षा प्रमाण पत्र स्वाध्यायी परीक्षा, दिसम्बर–2021

## 115

## विषय : संस्कृतम् (लिखित)

**Subject: SANSKRIT (Written)**

## आदर्श उत्तर

---

उ.1 विकल्पं – (5)

(अ) करणीयम्

(ब) नरेन्द्रनाथः

(स) कालिदासः

(द) श्रीरामदासः

(इ) तथा + एव

उ.2 रिक्तस्थानानि – (5)

(अ) हिन्दी भाषायाः

(ब) विद्वान्

(स) सेना नायकैः

(द) खगोलशास्त्री

(इ) कृष्णः

उ.3 उत्तराणि एकपदेन – (21)

(अ) भाभराग्रामे

(ब) शारदाः

(स) मनः

(द) निम्बवृक्षे

(इ) रामराजामन्दिरे

(फ) चञ्चुप्रहारम्

(र) ताम्रः

mpcareer.in

उ.4 उत्तराणि एकवाक्येन – (18)

(अ) धसान–जामिनी जतारा–बेतवा इति।

(ब) भारतस्य राष्ट्रीय पर्वणी गणतंत्र दिवसः स्वतन्त्रतादिवसः च।

(स) मालविकाग्निमित्रम्, विक्रमोर्वशीयम् अभिज्ञान शाकुन्तलम्।

उ.5 (अ) संधि विच्छेदं – (3)

(i) विद्या + आलयः – दीर्घ स्वर संधि

(ii) सत् + जनः – व्यंजन संधि

(ब) समास विग्रहं (3)

(i) माता च पिता च – द्वन्द्व समास

(ii) नवानां रात्रीणां समाहारः – द्विगु समास

उ.6 (अ) शब्दरूपाणि– (3)

(i) वारिणि

(ii) पितरः

(ब) धातुरूपाणि– (3)

(i) गच्छेत्

(ii) लभेथे

उ.7 (अ) धातुं प्रत्यय– (3)

(i) पठ् + क्त्वा

(ii) हस् + तुमुन्

(ब) उपसर्गान् योजयित्वा पद– (3)

(i) प्र + हार = प्रहार

(ii) अनु + कुल = अनुकुल

mpcareer.in

उ.8 श्लोक पूर्तिं कुरुत – (5)

उद्यमं साहसं, धैर्य, बुद्धि, शक्ति पराक्रमः।

षडेते यत्र वर्तन्ते, तत्र देवः सहायकः।।

## अथवा

उ.8 अव्ययानां वाक्य प्रयोगं –

(i) अद्य मम जन्म दिवसः अस्ति।

(ii) प्रायः सर्वेजनाः धनमिच्छन्ति।

(iii) सहसा सिंहः कूपे अकूर्दत।

(iv) भक्तः नित्यम् ईश्वरं भजति।

(v) मम गृहस्य अग्रतः एव मन्दिरमस्ति।

उ.9 गद्यांशं पठित्वा – (7)

(i) उन्नति

(ii) हृदयस्यौदार्यमस्ति

(iii) प्रेमभाव

(iv) पर + उपकारः

उ.10 पद्यांशं पठित्वा – (7)

(i) भोजनं

(ii) अनभ्यासे

(iii) रणम्

(iv) अमृतं

उ.11 श्रीमान्, निवेदनम्, कार्यम्, विद्यालयम्, एकदिवसीयम्, भवतः, शिष्याः (7)

उ.12 प्रत्येक वाक्य पर (1) अंक– (7)

-------------------------



mpcareer.in